प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- राज्य विद्युत बोर्ड ने 31 दिसम्बर तक विद्युत बिक्री से अर्जित किया 3 सौ करोड़ रूपए का राजस्व।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला शहर में पर्यटकों की सुविधा सहित स्वच्छ व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– आपदा अधिनियम की दुहाई देकर पंचायत चुनाव टालने का प्रयास कर रही प्रदेश सरकार।
- प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक हुए करीब साढ़े 4 करोड़ पंजीकरण।

विद्युत

राज्य विद्युत बोर्ड ने बीते 31 दिसम्बर तक विद्युत बिक्री से 3 सौ करोड़ रूपए का राजस्व एकत्रित किया है। ये आंकड़ा 31 दिसम्बर 2024 तक इसी अवधि में 2 सौ 6 करोड़ रूपए था। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि ये उपलब्धि राज्य सरकार की व्यवस्था परिवर्तन नीति का परिणाम है जिसका उद्देश्य शासन को पारदर्शी, प्रभावी और जनहितैषी बनाना है। उन्होंने कहा कि सुधारों, बेहतर वित्तीय प्रबंधन और तथ्य आधारित फैसलों से बिजली क्षेत्र की पुरानी समस्याओं को दूर किया गया है जिससे बोर्ड की आर्थिक स्थिति मज़बूत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए राज्य में हिमाचल प्रदेश विद्युत ग्रिड कोड लागू किया है जिससे बिजली संचालन राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हुआ है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शिमला और धर्मशाला में डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

निर्देश

इस बीच, मुख्यमंत्री ने शिमला नगर निगम को शहर में पर्यटकों की सुविधा और स्वच्छ व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कल देर शाम मॉल रोड शिमला और अन्य स्थलों के दौरे के दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमों की सख्ती से अनुपालना करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में कचरे का सुरक्षित और उचित तरीके से निपटान करने के लिए भी नियमों को कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में जन सेवाओं में और सुधार के साथ साथ उन्हें सुलभ भी बना रही है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। शिमला के समीप शोघी में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि संतुलित विकास ही बेहतरीन भविष्य की कल्पना को पूर्ण कर सकता है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हम जन प्रतिनिधियों का परम दायित्व है कि जनता के कार्यों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। इस दौरान उन्होंने शोघी में नए पंचायत घर का लोकार्पण और आनन्दपुर पंचायत में पंचायत घर सहित 2 संपर्क मार्गों का शिलान्यास भी किया।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदा अधिनियम की दुहाई देकर पंचायत चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि प्रदेश में आपदा को 7 माह गुज़र चुके हैं लेकिन राहत के नाम पर सरकार ने कोई भी काम नहीं किया है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी व्यवस्था परिवर्तन के मुद्‌दे पर सत्ता में आई थी लेकिन आज प्रदेश के हर हिस्से में माफिया का बोलबाला है। इससे पहले उन्होंने ऊना में भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की बैठक में भी शिरकत की।

धूमल

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने आज हमीरपुर ज़िले के जामली धाम में वरिष्ठ कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये आयोजन पार्टी के इतिहास और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का सराहनीय प्रयास है। धूमल ने कहा कि आज पार्टी जिस स्थान पर है, वह वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम उन कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा सम्मान है जिन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी की सेवा में समर्पित किया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पंचायती राज चुनावों को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि अदालत का फैसला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के हित, लोकतंत्र की मज़बूती और संविधान की पूर्ण भावना के अनुरूप है। उन्होंने न्यायालय के फैसले पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण, आपत्तिजनक और न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला करार दिया है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने हमेशा हिमाचल के हितों की रक्षा की है। सोलन ज़िले में कसौली विधानसभा क्षेत्र की कोरों कैंथड़ी पंचायत में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत अधिनियम एक सौ 25 दिनों के रोज़गार की गारंटी है और कांग्रेस बेवजह इसका विरोध कर रही है।

....................बाईट, अनुराग ठाकुर.................................

सुरेश कश्यप

दूसरी ओर, भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने विकसित भारत रोज़गार व आजीविका मिशन गारंटी अधिनियम 2025 को हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है। सोलन में पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है जबकि वास्तविकता ये है कि ये योजना प्रदेश के गांवों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना में जियो टैगिंग, जी.पी.एस. मैपिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और ए.आई. आधारित सोशल ऑडिट को अनिवार्य किया गया है जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

...................बाईट, सुरेश कश्यप............................

परीक्षा पे चर्चा

इस वर्ष प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए पंजीकरण का आज अंतिम दिन है। इस कार्यक्रम के लिए अब तक करीब साढ़े चार करोड़ पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ 56 लाख के गिनिज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पार कर चुका है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि यह पहल वार्षिक संवाद कार्यक्रम से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का तनाव दूर करने का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन का लाभ उठाने को कहा है। इस वर्ष के लिए पंजीकरण एक दिसम्बर 2025 को शुरू हुआ था।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ठंड से लोग परेशान है। राज्य के कई स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। बारिश व बर्फबारी न होने के बावजूद प्रदेश के उपरी क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोत जमना शुरू हो गए हैं। वहीं मैदानी इलाकों में कोहरे और धुंध के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- राज्य विद्युत बोर्ड ने 31 दिसम्बर तक विद्युत बिक्री से अर्जित किया 3 सौ करोड़ रूपए का राजस्व।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला शहर में पर्यटकों की सुविधा सहित स्वच्छ व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– आपदा अधिनियम की दुहाई देकर पंचायत चुनाव टालने का प्रयास कर रही प्रदेश सरकार।
- प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक हुए करीब साढ़े 4 करोड़ पंजीकरण।